Seventeenth Loksabha

an>

Title: Issue regarding overloading filling of lakes in Nainital city in Uttarakhand.

एडवोकेट अजय भट्ट (नैनीताल-ऊधमसिंह नगर): माननीय सभापति महोदय, मैं बहुत आभारी हूं कि आपने मुझे एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक दिन पर बोलने का अवसर दिया है । मैं भारत के माननीय प्रधान मंत्री जी और गृह मंत्री जी को हृदय की गहराइयों से बधाई देते हुए अपने लोक सभा क्षेत्र नैनीताल, ऊधमसिंह नगर की एक गंभीर समस्या को आपके सामने रखना चाहता हूं । विश्व प्रसिद्ध झील, नैनीताल, उसको बहुत खतरा है । वहां पर इतना ज्यादा भार बढ़ गया है कि पिछले दिनों मालरोड, जहां सब लोग अंग्रेजों के जमाने से घूमते आ रहे हैं, वह धंस गई थी । करीब डेढ़-पौने दो साल में इस शहर में इतना ज्यादा भार हो गया है कि जहां 700 वाहन आने की गुंजाइश थी, वहां पर आज 7000 वाहन प्रतिदिन आ रहे हैं । पर्यावरण बहुत प्रदूषित होता जा रहा है । वहां पर रुकने के लिए कोई स्थान नहीं है । हलद्वानी से नैनीताल पहुंचने में जहां कम से कम एक या डेढ़ घण्टा लगता था, आज लोग आठ-आठ घण्टे जाम में लगे रहते हैं । एनजीटी की रिपोर्ट भी बहुत गंभीर है । मान्यवर, एक बहुत ही महत्वपूर्ण बात मैं कहना चाहता हूं कि वहां की झील की जो क्षमता है, वह समाप्त हो गई है और साथ ही वहां के शोध भी सूखते जा रहे हैं ।

श्री गिरीश चन्द्र (नगीना): सभापति महोदय जी, आपके माध्यम से मैं केन्द्र सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र नगीना की ओर दिलाना चाहता हूं ।

एडवोकेट अजय भट्ट : माननीय सभापति जी, कृपया थोड़ा अतिरिक्त समय दे दीजिए ।

माननीय सभापति: आपको यह सब शुरु में बोलना चाहिए था ।